UP Board Solutions for Class 7 Civics Chapter 3 कार्यपालिका – कानून लागू करना

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
(क) हमारे देश में कानून किसके द्वारा लागू किया जाता है?
उत्तर
हमारे भारत में कानून प्रधानमन्त्री एवं केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा लागू किया जाता है।

(ख) मंत्रिपरिषद् पर नियंत्रण कैसे रखा जा सकता है?
उत्तर
संसद मंत्रिमंडल पर नियन्त्रण रखती है। यदि प्रधानमन्त्री और मंत्रिपरिषद ठीक से कार्य न करें तो उन पर अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। बहुमत से प्रस्ताव पारित होने पर मंत्रिमंडल को हटा दिया जाता है। इसके अलावा सांसद, मंत्रियों से प्रश्न कर सकते हैं, किसी विषय पर मंत्रिमंडल का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं, बजट पर टिप्पणी कर सकते हैं।

(ग) राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मण्डल में कौन-कौन सम्मिलित होते है?
उत्तर
राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य तथा राज्यों की विधान सभाओं तथा दिल्ली एवं पुदुचेरी सदस्य सम्मिलित होते हैं।

(घ) राज्यसभा का सभापति कौन होता है? उत्तर- राज्य सभा का सभापति उपराष्ट्रीय होता है। (ङ) राष्ट्रपति को पद से कैसे हटाया जा सकता है?
उत्तर
यदि राष्ट्रपति संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करे तो उसे संसद द्वारा महाभियोग की प्रक्रिया से हटाया जा सकता है। उसे हटाने का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में रखा जा सकता है।

(च) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद का गठन कैसे होता है ?
उत्तर
केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के गठन के लिए राष्ट्रपति ऐसे व्यक्ति को ही प्रधानमंत्री चुनता है। जिसे लोकसभा में बहुमत प्राप्त हो। यदि वह संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है तो पद धारण की तिथि से छः माह के भीतर किसी भी सदन का सदस्य बनना आवश्यक होगा।

आमतौर पर राजनैतिक दलों के सदस्य चुनाव लड़ते हैं। जब किसी एक दल से ही लोकसभा के आधे से अधिक सदस्य चुन लिए जाते हैं तो यह दल अपना नेता चुनता है। उसे लोकसभा में बहुमत प्राप्त होता है। अतः उसे प्रधानमंत्री बनाया जाता है। प्रधानमंत्री के सुझाव पर राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद् के

सदस्यों की नियुक्ति करता है।

प्रश्न 2.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (भरकर)-
उत्तर
(क) राष्ट्रपति का चुनाव **पाँच** वर्ष के लिए होता है।
(ख) भारत का प्रथम नागरिक **राष्ट्रपति** होता है।
(ग) राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में **उपराष्ट्रपति** उसके स्थान पर कार्य करता है।
(घ) लोकसभा में विश्वासमत प्राप्त करने के लिए **बहुमत** आवश्यक है ।

प्रश्न 3.
निम्नवत् कथनों में सही के सामने सही (✓) तथा गलत के सामने गलत (✗) का निशान लगाइए (निशान लगाकर)-
उत्तर
(क) संसद द्वारा बनाए गए कानून मंत्रिपरिषद् द्वारा लागू किए जाते हैं। **(✓)**
(ख) राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में प्रधानमंत्री उसके सब काम करता है। **(✗)**
(ग) राष्ट्रपति बनने के लिए न्यूनतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए। **(✓)**
(घ) कोई भी विधेयक प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर के बिना कानून नहीं बन सकता। **(✗)**

https://www.evidyarthi.in/